देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 32 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**कच्चे तेल की कीमत माइनस में



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 28 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 28.0⁰ न्यूनतम 18.0⁰

31743.08

2 भारत ने बदले एफडीआई के नियम

7 धोनी की जगह लेने का दबाव अधिक

### उत्तराखंड के सीएम बोले- मजदूरी रोजगार का दिन बढ़ाए



देहरादून। प्रधानमंत्री के साथ सोमवार को मुख्यमंत्रियों की बैठक में उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र रावत ने बताया कि राज्य के आर्थिक पुनरुद्धार के लिए, मंत्रियों की एक समिति और विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया गया है। उत्तराखंड सीएम कार्यालय ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम ने सुझाव दिया है कि मनरेगा मजदूरी रोजगार की अवधि वर्तमान 100 दिनों से बढ़ाकर 150 दिन कर दी जाए।

# लॉकडाउन से फायदा, बची हजारों जान

कई राज्यों ने 3 मई के बाद भी लॉकडाउन बढ़ाने की अपील की

## पीएम नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्या देश में 3 मई को लॉकडाउन खत्म होगा? हॉटस्पॉट वाले इलाके के लिए केंद्र और राज्यों का क्या है प्लान? पीएम नरेंद्र मोदी की कोरोना संकट पर राज्यों के सीएम के साथ हुई बैठक में इन मुद्दों पर माथापच्ची की गई। कई राज्य देश में लॉकडाउन बढ़ाने के पक्ष में थे वहीं, कई राज्यों ने ग्रीन जोन में इसमें छूट देने की मांग की। रेड जोन वाले इलाके में लॉकडाउन बढ़ाने पर आम सहमति नजर आई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना वायरस महामारी के कारण लॉकडाउन और उससे उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक की। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, पीएमओ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री की यह तीसरी बैठक थी। फिलहाल यह बैठक खत्म हो गई है और अब सभी राज्यों के फैसलों का इंतजार है। पीएम ने इस बैठक में कहा कि लॉकडाउन से हजारों लोगों की जान बची। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन का काफी फायदा हुआ। हम पिछले डेढ़ महीने में हजारों लोगों की जान बचाने में सफल रहें। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों की तुलना में यहां कोरोना का असर उतना नहीं हुआ है।




### हॉटस्पॉट पर राज्यों की दी बड़ी सलाह

पीएम ने राज्यों से हॉटस्पॉट और रेड जोन वाले क्षेत्रों में लॉकडाउन सख्ती से लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्यों को कोशिश करनी चाहिए कि रेड जोन को ऑरेंज जोन में और उसके बाद ग्रीन जोन में तब्दील किया जाए। पीएम ने यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया कि कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में देश के प्रयासों को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक लोग आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करें।

**पीएम बोले, दो गज दूरी जरूरी**

पीएम ने कहा कि देश ने अब तक दो लॉकडाउन देखा है। दोनों का असर हुआ है। अब हमें आगे के बारे में सोचना होगा। हमें दो गज दूरी बनाकर रखी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस का असर आने वाले समय में भी दिखेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मास्क और फेस कवर हमारे जीवन का हिस्सा बन जाएंगे।

**अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी तैयारी**

पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि हमें देश की अर्थव्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था की सेहत ठीक है और हमें इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। ऑरेंज और ग्रीन जोन में आर्थिक गतिविधियों को छूट दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि साथ–ही–साथ हमें कोविड–19 से भी लड़ना होगा। उन्होंने बैठक में तकनीक के इस्तेमाल और सुधारत्मक कदम उठाने पर बल दिया।

**गर्मी और मानसून को लेकर निर्देश**

प्रधानमंत्री ने मौसम में बदलाव के लिए मुख्यमंत्रियों से भी आग्रह करते हुए कहा कि गर्मी और मानसून का आगमन हो रहा है और वे बीमारियां जो इस मौसम में संभावित रूप से सामने आ सकती हैं, इसके लिए आगे की रणनीति बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता अधीर चौधरी ने की सरकार की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी भले कोरोना वायरस से चल रही जंग में सरकार की तैयारियों को नाकाफी बता रही हो लेकिन लोकसभा में उनके नेता अधीर रंजन चौधरी ने सरकार की तारीफ की है। उन्होंने माना कि सरकार और मेडिकल स्टाफ बाकी दुनिया के मुकाबले भारत में अच्छा काम कर रहा है। अगर कोरोना संकट से भारत बाहर निकलता है तो ग्लोबल लीडर बन सकता है।

### विज के बयान पर केजरीवाल के मंत्री ने जताई नाराजगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के उस बयान पर आपत्ति जताई है जिसमें उन्होंने कोरोना के बढ़ते मामले के लिए दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। सत्येंद्र जैन ने हरियाणा सरकार के आरोपों को नकारते हुए कहा कि ऐसा कहना सही नहीं है।

# चीन को यूं झटका देने की तैयारी कर रहा भारत

## चीन के प्रति दुनिया की 'घृणा' को आर्थिक अवसर समझें: गडकरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन छोड़कर भारत में मैन्युफैक्चरिंग इकाई लगाने की इच्छुक लगभग 1000 कंपनियों के भारत सरकार के संपर्क में रहने की खबर आने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। गडकरी ने कहा कि भारत को कोरोना वायरस महामारी के बीच चीन के लिए विश्व की 'घृणा' को बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आकर्षित करके अपने लिए आर्थिक अवसर के रूप में देखना चाहिए। गडकरी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए प्रवासी भारतीय छात्रों से रूबरू होते हुए कहा, 'सारी दुनिया में अब, उनमें चीन के लिए घृणा है। क्या हमारे लिए इसे भारत के लिए एक अवसर में बदलना संभव है।'

### विदेशी निवेश को आकर्षित करेंगे

चीन से बाहर जाने वाले व्यवसायों के लिए जापान द्वारा आर्थिक पैकेज घोषण का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें इस पर सोचना चाहिए और हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हम उन्हें और हर उस चीज को मंजूरी देंगे और विदेशी निवेश आकर्षित करेंगे।'

**वायरस की सूचना संवेदनशील विषय:** जब उनसे पूछा गया कि यदि यह पाए जाने पर कि चीन ने कोरोना वायरस से जुड़ी सूचना को जानबूझकर छिपाया है तो क्या भारत कोई कार्रवाई करेगा, उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील विषय है, जो विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से जुड़ा है और इसलिए इस पर उनका प्रतिक्रिया देना उचित नहीं होगा।

बीते दिनों खबर आई थी कि कोरोना वायरस महामारी के कारण पैदा हुई दिक्कतों के बीच लगभग 1000 विदेशी कंपनियां सरकार के अधिकारियों से भारत में अपनी फैक्ट्रियां लगाने को लेकर बातचीत कर रही हैं।

### कोरोना को लेकर उठ रहे सवालों पर चीन ने अमेरिका पर किया पलटवार

बीजिंग। चीन ने दुनियाभर में फैल रहे कोरोना वायरस को लेकर उठ रहे सवालों पर अमेरिका पर पलटवार कियाा है। उसने अमेरिका से महामारी के प्रसार को लेकर अपनी गलती स्वीकारने को कहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने अपनी दैनिक ब्रीफ में कहा, हम आशा करते हैं कि यूएस लोगों की चिंताओं का जवाब देगा। शायद विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी जांच में सहायता के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। उधर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को फंडिंग करने से इनकार कर दिया है। अमेरिका डब्ल्यूएचओ का सबसे ज्यादा फंडिंग करने वाला देश है। ट्रंप ने कहा है कि संगठन ने चीन की तरफ अपना झुकाव दिखाया है और महामारी को लेकर कमजोर प्रतिक्रिया दिखाई है। चीन ने अमेरिका के उन सभी सवालों को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि वहां कोरोना संक्रमण का देरी से पता लगा है।

# देश में संक्रमितों की संख्या 27,892 हुई

■संक्रमण से मरने वालों की संख्या 872 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड–19 से मरने वालों की संख्या सोमवार को 872 हो गई और संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 27,892 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 20,835 लोग अब भी संक्रमण की चपेट में हैं जबकि 6,184 लोग ठीक हो चुके हैं और एक व्यक्ति विदेश चला गया है। कुल मामलों में 111 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

रविवार शाम से कुल 46 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 19 की मौत महाराष्ट्र में, 18 गुजरात में, चार मध्य प्रदेश में, दो पश्चिम बंगाल में और एक–एक व्यक्ति की मौत पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु में हुई है। मौत के कुल 872 मामलों में से सबसे अधिक 342 मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। इसके बाद गुजरात में 151, मध्य प्रदेश में 103, दिल्ली में 54, राजस्थान में 33 और आंध्र प्रदेश में 31 मौतें हुई हैं।

उत्तर प्रदेश में मृतक संख्या 29, तेलंगाना में 26, तमिलनाडु में 24, पश्चिम बंगाल में 20 जबकि कर्नाटक में 19 है। पंजाब में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

बीमारी से जम्मू–कश्मीर में छह, केरल में चार जबकि झारखंड और हरियाणा में तीन लोगों की मौत हुई है।

# बिना बोर्ड परीक्षा छात्रों को प्रमोट करने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते बाधित हुई परीक्षाओं, रिजल्ट और नये एकेडेमिक सेशन को लेकर बनी असमंजस की स्थिति के बीच केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने आज एक लाइव वेब इन्टेरैक्टिव सेशन में देश भर के छात्रों और पैरेंट्स से चर्चा की। लाइव इन्टेरैक्शन में छात्रों ने प्री–बोर्ड और इंटर्नल एसेसमेंट में प्राप्त अंकों के आधार पर बिना बोर्ड परीक्षा दिये प्रमोट करने की मांग की।

### शिक्षा मंत्री ने किया लाइव वेब इंटेरैक्शन

एचआरडी मिनिस्टर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और ट्वीटर पर दोपहर 1 बजे शुरू हुए लाइव सेशन के पहले से ही मंत्रालय को ऑफिशियल ट्वीटर हैंडल पर 10वीं और 12वीं की बची हुई बोर्ड परीक्षा को रद्द करने की मांग की गयी थी। एक छात्र ने ट्वीट किया कि सभी शेष परीक्षाओं को रद्द किया जाए क्योंकि छात्र पहले से ही मानसिक तौर पर अच्छी स्थिति में नहीं है और किसी भी अन्य चीज की अपेक्षा 'लाइफ' ज्यादा जरूरी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in